# वागड़ संदेश

www.wagadsandesh.com

Tital Code RAJHIN27802

जन मन की आवाज



सम्पर्क

ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई मेल editorwagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818



वर्ष-1 अंक-281 सागवाड़ा,रविवार,3 जुलाई, 2022 अवधि: हिन्दी ई-पेपर पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)


# स्वाधीनता संग्राम में वागड़ के गोविंद गुरु का महत्वपूर्ण योगदान रहा

## मानगढ़ धाम पर विशाल धर्मसभा एवं वाहन रैली, 10 हजार दो पहिया वाहनों से 20 हजार से अधिक जनसमूह उमड़ा जनसैलाब

बांसवाड़ा। मानगढ़ धाम संदेश यात्रा स्वराज 75 आयोजन समिति द्वारा आयोजित विशाल वाहन रैली एवं धर्म सभा में बांसवाड़ा विभाग के बांसवाड़ा, डूंगरपुर एवं सागवाड़ा जिले से तथा गुजरात के संतरामपुर, दाहोद,महिसागर, पंच महल तथा मध्य प्रदेश के निकटवर्ती जिलों से 10 हजार से अधिक दोपहिया वाहनों से आये 25 हजार लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा के सदस्य एवं वरिष्ठ प्रचारक इंद्रेश कुमार ने कहां कि हम सभी स्वतंत्र भारत में सांस लेते हुए आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं। यह सौभाग्य हजारों शहीदों की शहादत का परिणाम है। इस स्वाधीनता संग्राम में वागड़ क्षेत्र के गोविंद गुरु का अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान रहा। आदिवासी समाज में संप सभा के द्वारा वनवासी बंधुओं को संगठित करते हुए शिक्षा का प्रचार प्रसार के माध्यम से जन जागरण में लगे हुए थे। इनका यह कार्य अंग्रेजों को रास नहीं आया इसलिए इस आंदोलन को दबाने के लिए अंग्रेजों के द्वारा 1 हजार पांच सौ से अधिक देशभक्तों पर विभत्स नरसंहार किया जो जलियांवाला बाग हत्याकांड से भी बहुत बड़ा नरसंहार था। उन्होंने उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए संगठनों का





आव्हान किया कि हमें किसी भी प्रलोभन में आकर अपना धर्म नहीं छोड़ना चाहिए तथा क्षेत्र में हमारे जो लोग धर्मान्तरीत हुए है उन्हें घर वापसी करवाने का प्रयास करना चाहिए। गोविंद गुरु के बताए सिद्धांतों के अनुसार नशा मुक्ति अभियान द्वारा संपूर्ण समाज को नशा मुक्त करना हमारा परम कर्तव्य है। पर्यावरण के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में एक वृक्ष लगाने का आह्वान किया। धर्म सभा को संजेली धाम महन्त दलसुख दास महाराज ने भी संबोधित किया। उपस्थित सभी संत महंतों ने राष्ट्रपति की भावी उम्मीदवार जनजाति समाज की बेटी द्रोपदी मुर्मू को निर्विरोध राष्ट्रपति पद पर चुने जाने का आह्वान किया। विक्रमदास महाराज (लसुडिया धाम), रतनगिरी महाराज(सुराता धाम), करण गिरि महाराज(बासियां धाम), अरविन्द गिरी (दे गामड़ा,महीसागर गुजरात), रामप्रकाश महाराज बड़ा रामद्वारा बांसवाड़ा, रामचंद्र महाराज मानगढ़ धाम, रामस्वरूप जी महाराज (भारत माता मंदिर) मनफूल सिंह संरक्षक (सनातन धर्म संरक्षण) रामजी भाई गरासिया (गायत्री शक्तिपीठ संतरामपुर) भी सम्मिलित हुए। स्वागत समिति से डॉ. पवन चौरड़िया, सरदार सिंह, भुवन मुकुन्द पण्डया, कान्तिलाल व्यास, लाल शंकर पारगी एवं जयंतीभाई पटेल(सह विभाग कार्यवाह नड़ियाद), सुरेश भावसार आदि ने स्वागत किया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग कार्यवाह अशोक सुथार ने अतिथि परिचय करवाते हुए अतिथियों का अभिनंदन किया। मानगढ़ धाम संदेश यात्रा समिति के संयोजक नरेंद्र भगत ने कार्यक्रम की प्रस्तावना एवं भूमिका प्रस्तुत की। आभार अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम के अध्यक्ष रामचंद्र खराडी ने व्यक्त किया। संचालन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग बौद्धिक प्रमुख दिनेश व्यास ने किया। उक्त जानकारी अभियान के प्रचार प्रमुख ललित दवे ने प्रदान की।

# केके गुप्ता गृहमंत्री अमित शाह के गोद लिए 5 गांवो में कर रहे स्वच्छता का काम

## सांसद आदर्श ग्राम योजना में दो गांवों ने हासिल किया प्रथम व तीसरा स्थान

**डूंगरपुर।** देश में स्वच्छता का लोहा मनवा चुकी डूंगरपुर नगरपरिषद के स्वच्छता के मोडल का अब देश के गृहमंत्री अमित शाह द्वारा सांसद आदर्श ग्राम योजना में गोद लिए 5 गाँवों में अनुसरण हो रहा है। डूंगरपुर नगरपरिषद के पूर्व सभापति के के गुप्ता ने इन गाँवों में स्वच्छता की कमान संभाल रखी है। नतीजा 5 गाँवों में से एक गाँव योजना में देश में प्रथम व एक गाँव तीसरे स्थान पर रहा है। इसके लिए खुद गृहमंत्री अमित शाह ने के के गुप्ता का सम्मान किया है। वही स्वच्छता , पर्यावरण व जल संरक्षण के क्षेत्र में भी काम करने के लिए निर्देशित किया है। ये जानकारी पूर्व सभापति के के गुप्ता ने डूंगरपुर में पत्रकारों को दी है। डूंगरपुर नगरपरिषद के पूर्व सभापति व भाजपा के स्वच्छता भारत मिशन के राजस्थान के संयोजक के के गुप्ता डूंगरपुर जिले के दौरे पर रहे। इस दौरान के के गुप्ता अपने निवास पर पत्रकारों से रूबरू हुए। इस दौरान के के गुप्ता ने बताया की सांसद आदर्श ग्राम योजना में वे और उनकी टीम देश के गृहमंत्री अमित शाह द्वारा गोद लिए बिलेश्वरपूरा, रुपाला, मोडासर, रामनगर व मानकोल गाँव में स्वच्छत भारत मिशन के तहत स्वच्छता का काम कर रहे है। उन्होंने बताया की उन्होंने व उनकी टीम ने दिन रात एक करते हुए वहा के स्थानीय लोगो को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। उसी जागरूकता का परिणाम रहा की जनता के सहयोग से गाँवों में स्वच्छता का काम किया। उन्होंने बताया की जनता के सहयोग का ही परिणाम रहा की सांसद आदर्श ग्राम योजना में देश के गृह मंत्री अमित शाह द्वारा गोद लिया गया बिलेश्वरपूरा पुरे देश में प्रथम रहा है वही रुपाला गाँव देश में तीसरे स्थान पर रहा है। उन्होंने बताया की दो दिन पहले गुजरात के गांधी नगर में आयोजित कार्यक्रम में खुद गृहमंत्री अमित शाह ने उन्हें गाँवों में किये गए स्वच्छता के कार्यो के लिए सम्मानित भी किया है। इधर गुप्ता ने बताया की आगे चलकर इन गाँवों को स्वच्छता के साथ पर्यावरण व जल संरक्षण क्षेत्र में भी काम किया जाएगा। वही पत्रकार वार्ता में के के गुप्ता ने बताया की राजस्थान के झुंझुनू जिले की कोर्ट ने उन्हें न्याय मित्र बनाते हुए झुंझुनू, नवलगढ़ और मंडावा नगर निकाय की स्वच्छता की जिम्मेदारी के आदेश दिए है। उन्होंने कहा जल्द ही कोर्ट के आदेशानुसार इन निकायों को भी स्वच्छता के क्षेत्र में सिरमोर बनाया जाएगा।

# जैन महाराज के मंगल प्रवेश में 4 महिलाओं के गले से चैन तोड़ी

## एक महिला गले में हाथ डालते ही 2 संदिग्ध महिलाएं पकड़ी, पुलिस कर रही पूछताछ

**डूंगरपुर।** जिले के कोतवाली थानान्तर्गत डूंगरपुर शहर में जैन महाराज के मंगल प्रवेश में आई 4 श्रद्धालु महिलाओं के गले से भीड़ में सोने की चैन पार हो गई। वही एक महिला के गले से चैन तोड़ते समय 2 संदिग्ध महिलाएं पकड़ी गई। दोनो महिलाओं के साथ एक बच्चे को लोगो ने कोतवाली थाना पुलिस के हवाले कर दिया है। कोतवाली पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है। डूंगरपुर शहर में आज रविवार सुबह प्रधुमनविमल सूरीश्वर महाराज का मंगल प्रवेश हुआ। महाराज के स्वागत में बड़ी संख्या में डूंगरपुर जिलेभर के जैन समाज की महिलाएं, पुरुष शामिल हुए।

इस दौरान शहर में महाराज के स्वागत में निकाली गई शोभायात्रा में ही कुछ संदिग्ध महिलाएं भी शामिल हो गई। शोभायात्रा में ललिता पत्नी तेजपाल जैन निवासी आसपुर, कलावती पत्नी हीरालाल जैन निवासी कतीसोर, भारती पत्नी गणेशलाल मोदी निवासी आसपुर के गले से 2- 2 तोला सोने के चैन तोड़ दी। वही प्रमिला पत्नी गणेशलाल मोदी निवासी न्यू कॉलोनी डूंगरपुर के गले से 3 तोला सोने की चैन पार कर ली। वही उनके साथ आया एक बच्चा एक महिला के पर्स तराश रहा था। इसी दौरान श्रद्धालु महिलाओं ने 2 संदिग्ध महिलाओं को गले में हाथ डालकर चैन तोड़ते हुए पकड़ लिया। दो संदिग्ध महिलाओं के पकड़े जाते ही उनकी साथी महिलाए भाग गई।

दोनों संदिग्ध महिलाओं के साथ एक बच्चे को भी पकड़कर कोतवाली थाना पुलिस के हवाले कर दिया। संदिग्ध महिलाएं भी जैन श्रद्धालु बनकर शामिल हुई थी और बच्चो का सहारा लेकर वारदात को अंजाम दे रही थीं। कोतवाली सीआई सुरेंद्र सोलंकी ने बताया की महिलाओं से पूछताछ की जा रही है। उनके नाम पते के साथ उनकी साथी महिलाओं के बारे में भी पता लगाया जा रहा है।

# चलते ट्रोले का फटा टायर, पीछे से ट्रोले में घुसा कंटेनर, हादसे में कंटेनर सवार चालक सहित 3 लोगो की हुई मौत

**डूंगरपुर।** जिले के बिछीवाड़ा थाना क्षेत्र में एनएच-48 पर शिशोद गांव के पास बीती रात एक ट्रोले का अचानक टायर फट गया। वही इसके बाद उसके पीछे चल रहा कन्टेनर ट्रोले में घुस गया। हादसे में कन्टेनर चालक सहित 3 लोगो की मौत हो गई। 3 मृतकों में से एक मृतक की पहचान हुई है। पुलिस ने तीनों शवो को डूंगरपुर जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। डूंगरपुर जिले के बिछीवाड़ा थाने के थानाधिकारी रणजीत सिंह ने बताया कि बीती रात उदयपुर-अहमदाबाद एनएच-48 पर एक ट्रोला उदयपुर की ओर से अहमदाबाद की तरफ जा रहा था। उसके पीछे एक कंटेनर चल रहा था। इस दौरान एन एच-48 पर शिशोद गांव के पास अचानक आगे चल रहे ट्रोले का टायर फट गया। टायर फटने के बाद ट्रोले की स्पीड कम हुई तो पीछे से आ रहा कंटेनर ट्रोले के पीछे जा घुसा। कंटेनर में चालक सहित 3 लोग सवार थे। हादसे में कंटेनर चालक व एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। वही एक व्यक्ति गंभीर घायल हो गया। घटना के बाद मौके पर वाहनों की कतार लग गई वही लोगो की भीड़ जमा हो गई। लोगो ने घटना की सूचना बिछीवाड़ा थाना पुलिस को दी। सूचना पर बिछीवाड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। इस दौरान पुलिस ने लोगो की मदद से कंटेनर में फंसे घायल व मृतकों के शवों को बड़ी मुश्किल से बाहर निकाला। इसके बाद पुलिस ने एक घायल व्यक्ति को 108 एम्बुलेंस से डुंगरपुर जिला अस्पताल के लिए रवाना किया। इस दौरान अस्पताल ले जाते समय घायल व्यक्ति की भी मौत हो गई। पुलिस ने तीनों शवो को जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाए है। पुलिस ने तीनों मृतकों में से एक व्यक्ति की पहचान उत्तर प्रदेश के हरदोई निवासी अजयपाल के रूप में हुई है। वही दो की पहचान नही हुई है।

# अवैध शराब के मामलों में पुलिस की संलिप्तता न हो? आने वाले दिनों में अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई भी होगी- एसपी

## एसपी ने सागवाड़ा थाने का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा, दिए आवश्यक निर्देश

**सागवाड़ा।** डूंगरपुर जिला पुलिस अधीक्षक राशि डोगरा ने पदभार ग्रहण करने के बाद पहली बार सागवाड़ा पहुंची। जिले की पहली महिला एसपी डोगरा ने सागवाड़ा पुलिस थाने का निरीक्षण कर अनुसंधान कक्ष, रिकॉर्ड रूम, मालखाना, कम्प्यूटर रूम आदि का निरीक्षण कर थानाधिकारी शैलेन्द्र सिंह से जानकारी ली। वही क्षेत्र में क्वार्ट्ज पत्थर के अवैध खनन के प्रश्न पर एसपी ने कहां कि अवैध खनन रोकने के काम खनन विभाग का है, पुलिस अकेले कोई कार्रवाई नहीं करेंगे। पुलिस हमेशा संयुक्त कार्रवाई करेंगे वो भी खनन विभाग के साथ मिलकर ताकि पुलिस पर कोई आक्षेप नहीं लगे। अवैध शराब के सवाल पर एसपी ने कहां कि डूंगरपुर बोर्डर जिला है ऐसे में यहां अवैध शराब का रूट है। हम यह सुनिश्चित करें कि ऐसे मामलों में पुलिस की संलिसता न हो? आने वाले दिनों में अवैध शराब के खिलाफ



कार्रवाई भी की जाएगी। थानाधिकारी शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि क्षेत्र में पुलिस द्वारा नियमित प्रभावी गश्त की जा रही है। एसपी ने बीट प्रभारियों व अधिकारियो से क्षेत्र के बारे में जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। वही पुलिस उप अधीक्षक नरपतसिंह से भी क्षेत्र की जकनकारी ली। एसपी राशि डोगरा ने मीडिया से रूबरू होते हुये कहा कि हमारी प्राथमिकता रहेगी कि कमजोर और महिला वर्ग से जुड़े अपराधों पर अंकुश लगाया जाये ऐसे प्रयास किये जायेंगे । वही अपराध पर त्वरित कार्यवाही की जायेगी

# डॉ रामकिशोर के नाम से फर्जी डॉक्यूमेंट बनाए, दौसा के प्राइवेट हॉस्पिटल में डॉक्टर बनकर गया, शक होते ही भाग, केस दर्ज

## डूंगरपुर के सरकारी जिला अस्पताल के डॉक्टर के नाम से फर्जी डिग्रियां बनाने का मामला

**डूंगरपुर।** सरकारी जिला अस्पताल के डॉक्टर के नाम से फर्जी डिग्रियां बनाने का मामला सामने आया है। एक युवक फर्जी डिग्रियां लेकर दौसा के प्राइवेट अस्पताल में नोकरी के लिए चला गया। शक होने पर फर्जी डॉक्टर भाग गया। मामले में अब डूंगरपुर जिला अस्पताल के डॉक्टर की ओर से केस दर्ज करवाया गया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। चौरासी थाने के हेड कांस्टेबल मदनलाल ने बताया की डूंगरपुर जिला अस्पताल के डॉक्टर रामकिशोर रोत पुत्र कल्याण रोत निवासी झोथरी ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। डॉ रामकिशोर रोत ने बताया की उनके व्हाट्स नंबर पर 12 मई को नवजीवन हॉस्पिटल लालसोट दौसा के डायरेक्टर डॉ भागीरथ मीणा ने एक लेटर भेजा। इसमें बताया की एक व्यक्ति उनके हॉस्पिटल में आया है, जो खुद को डॉ रामकिशोर बता रहा है। उसके पास डॉ रामकिशोर के नाम से ही डॉक्टर की डिग्री, रजिस्ट्रेशन, सर्टिफिकेट बने हुए है। इन डॉक्यूमेंट में जन्म तारीख, पिता का नाम और एड्रेस भी हूबहू लिखा हुआ है।

उस व्यक्ति की ओर से आरएमसी सर्टिफिकेट पर एमडी मेडिसिन का फर्जी रजिस्ट्रेशन नंबर भी लिखा हुआ है। इसके अलावा फोटो बदलकर उनके नाम का फर्जी आधार कार्ड भी बना हुआ है। डॉ भागीरथ को शक हुआ तो फर्जी डॉक्टर बनकर आए युवक से ट्रीटमेंट को लेकर सवाल जवाब किए तो वह भाग गया। घटना को लेकर डॉ रामकिशोर रोत की और से चौरासी थाने में धोखाधड़ी का केस दर्ज करवाया है। जिस पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



# हत्यारे गौस को पाकिस्तान भेजने वाले 4 आरोपी ATS की हिरासत

**उदयपुर।** कन्हैयालाल हत्याकांड में 4 और लोगों को हिरासत में लिया गया है। आरोप है कि इन्हीं चारों ने हत्यारे गौस मोहम्मद को पाकिस्तान भेजा था। NIA के निर्देश पर TS-पुलिस ने रविवार रात करीब साढ़े आठ बजे यह कार्रवाई की है। उदयपुर के खांजीपीर स्थित एक धार्मिक स्थल से चारों को पकड़ा गया है। इनमें अब्दुल रज्जाक, रियासत हुसैन, वसीम अतहारी, अख्तर रजा शामिल हैं। गौस मोहम्मद को अब्दुक रज्जाक और रियासत ने पाकिस्तान भेजा था। NIA की टीम जल्दी ही वापस उदयपुर आ सकती है। कन्हैयालाल हत्याकांड के पांचवें दिन रविवार को उदयपुर में कर्फ्यू में 10 घंटे की ढील दी गई। सुबह 8 से शाम 6 बजे तक बाजार खुले रहे। वहीं, कल से कर्फ्यू में 12 घंटे की छूट रहेगी। इसको लेकर जिला मजिस्ट्रेट ने आदेश जारी किए हैं। इधर जयपुर में पांच दिन बाद रविवार दोपहर से इंटरनेट शुरू हो गया। उदयपुर में नेटबंदी जारी रहेगी, जबकि सीकर में फिर से अगले 24 घंटे के लिए इंटरनेट बंद किया गया है। कन्हैयालाल की हत्या के खिलाफ जयपुर में रविवार को प्रदर्शन हुआ। स्टैच्यू सर्किल पर सुबह 10 बजे से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया और हत्याकांड को लेकर विरोध जताया। हिंदू संगठनों (स्वयंसेवक संघ, विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल) के साथ कई सामाजिक और धार्मिक संगठन इसमें शामिल हुए। अजमेर में आज सुबह 7 से दोपहर 12 बजे तक सर्व समाज की ओर से बंद बुलाया गया। जयपुर में रविवार को स्टैच्यू सर्किल पर सर्व समाज की ओर से उदयपुर हत्याकांड को लेकर विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन में महिलाएं भी शामिल हुईं। जयपुर में रविवार को स्टैच्यू सर्किल पर सर्व समाज की ओर से उदयपुर हत्याकांड को लेकर विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन में महिलाएं भी शामिल हुईं। इंटेलिजेंस फेल होने के मामले में शनिवार रात सीआईडी एसएसबी के उदयपुर जोन के ASP राजेश भारद्वाज को निलंबित कर दिया। हैदराबाद में चल रही BJP की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में शनिवार को एक शोक संदेश पढ़ा गया। न्यूज एजेंसी PTI के सूत्रों के मुताबिक, इस संदेश में कन्हैयालाल, पंजाबी सिंगर मूसेवाला समेत मणिपुर लैंडस्लाइड में जान गंवाने वाले आर्मी के जवानों का नाम मेंशन किया गया था। उदयपुर हत्याकांड के चश्मदीद ईश्वरलाल ने बताया- 28 जून दोपहर करीब ढाई बजे गौस और रियाज कस्टमर बनकर दुकान में आए। कुर्ता-पायजामे का नाप लेने को कहा।

# अश्लील वीडियो बनाकर विवाहिता से बनाए संबंध, विरोध करने पर वीडियो वायरल, केस दर्ज

**डूंगरपुर।** एक विवाहिता ने पड़ोस में ही रहने वाले युवक पर उसका अश्लील वीडियो बनाकर संबंध बनाने का मामला सामने आया है। विरोध करने पर वीडियो वायरल कर बदनामी की। मामले में महिला की रिपोर्ट पर पुलिस ने केस दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है। सागवाड़ा थानाधिकारी शैलेंद्र सिंह ने बताया की थाना क्षेत्र में एक विवाहिता ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। इसमें बताया की आरोपी युवक उसके घर के पास में ही रहता है।

आरोपी के उसके साथ संबंध थे। आरोपी ने वीडियो कॉल करके उसका अश्लील वीडियो बना लिया। इस वीडियो को दिखाकर आरोपी उसे ब्लैकमेल करने लगा। महिला ने बताया की कुछ दिन पहले उसके पति कुवैत से वापस घर आए। इसके बाद आरोपी से सभी तरह के संबंध खत्म करने की बात कही, लेकिन आरोपी नहीं माना। 9 मई की रात को आरोपी उसके घर आ गया और विरोध करने पर वह दूसरे नंबरों से फोन ओर मैसेज करने लगा। आरोपी की ओर से ज्यादा परेशान करने पर उसने ये बात उसकी मां और पत्नी की बताई। इससे आवेश में आकर आरोपी यूवक ने उसके अश्लील वीडियो गांव के ग्रुप में वायरल कर दिए। इससे उसकी काफी बदनामी हुई। सागवाड़ा पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है।

# भारत की साख बढ़ी और भारतवंशियों में आत्मविश्वास बढ़ा है: डॉ. पूनिया

**जयपुर।** भाजपा राष्ट्रीय कार्यसमिति बैठक हैदराबाद में राजनीतिक प्रस्ताव पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की उपस्थिति में राजस्थान भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने भारत की विदेश नीति, केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को लेकर विचार रखे। डॉ. पूनियां ने कहा कि, आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल एवं मजबूत नेतृत्व में मजबूत एवं दूरदर्शी विदेश नीति के कारण भारत की साख बढ़ी और भारतवंशियों में आत्मविश्वास बढ़ा है। मोदी सरकार के सुशासन में राष्ट्र निर्माण में अपना अमूल्य योगदान देने वाले महान व्यक्तित्वों को पदम पुरस्कारों से सम्मानित कर पदम पुरस्कार जन पुरस्कार बने। मोदी ने मन की बात के जरिए भारत को भावनात्मक रूप से नवाचारों के साथ जोड़ा है, जो निरंतर अनूठे प्रयासों के साथ जारी है। राज्यों में विपक्ष की सरकारों ने केंद्र प्रवर्तित कल्याणकारी योजनाओं के प्रति पूर्वाग्रह रखकर प्रदेशों की जनता को योजनाओं के लाभ से वंचित रखा है। आयुष्मान, पीएम आवास, पीएम किसान सम्मान निधि, उज्जवला, जनधन, जल जीवन मिशन इत्यादि जन कल्याणकारी योजनाओं से सीधा लाभ गांव गरीब तक पहुंच रहा है, जिससे गांव का व्यक्ति स्वाभिमान के साथ आत्मनिर्भर बन रहा है। मोदी सरकार के शासन में संविधान, तिरंगा और महापुरुषों का और अधिक सम्मान पूरी दुनिया में बढा है। आदरणीय बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के महान व्यक्तित्व को जन जन तक पहुँचाने हेतु पंचतीर्थ विकसित करने के साथ ही भीम ऐप के जरिए भारत के आमजन को डिजिटल क्रांति से जोड़ना यह दर्शाता है कि नरेंद्र मोदी देश के हर गांव और गरीब को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध हैं।